बिहार सरकार

*मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग*

# -:: कार्यालय आदेश ::-

का०आ०सं० :- मं०मं०-02/वि०-01-2002/2026 ............................ दिनांक ..................., 2026

विभागीय पत्रांक-83 दिनांक-09.01.2026 के आलोक में बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान-जीवन आसान" (Ease of Living) के तहत मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग में सप्ताह के दो कार्यदिवसों (सोमवार एवं शुक्रवार) को आमलोगों की शिकायतों को सुनकर उनका त्वरित निराकरण किया जाना है। उक्त दो कार्यदिवसों को आगन्तुकों का पदाधिकारियों से मिलने का समय/स्थान निम्न प्रकार निर्धारित किया जाता है :-

| दिन | समय | स्थान |
|---|---|---|
| सोमवार | 04:00 - 05:00 | अपर मुख्य सचिव का कार्यालय कक्ष |
| शुक्रवार | 11:00 - 01:00 | |

02. निर्धारित दोनों कार्यदिवसों को अपर मुख्य सचिव आमलोगों से अपने कार्यालय कक्ष में मिलेंगे। यदि अपर मुख्य सचिव किसी अपरिहार्य कारणवश कार्यालय में उपस्थित नहीं रहते हैं तो उनके स्थान पर श्री अरविन्द कुमार वर्मा, विशेष सचिव आम लोगों से मिलेंगे। यदि विशेष सचिव भी अपरिहार्य कारणवश कार्यालय में उपस्थित नहीं रहते हैं तो उनके स्थान पर श्री अखिलेश कुमार सिंह, अपर सचिव आम लोगों से मिलेंगे।

03. आगन्तुकों/शिकायतकर्त्ताओं के लिए बैठने की व्यवस्था, पेयजल आदि सुविधाओं को लेखा शाखा (प्रशाखा-06) द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा।

04. आगन्तुकों से प्राप्त शिकायतों की पंजी का संधारण एवं शिकायतों के सतत् अनुश्रवण की व्यवस्था स्थापना शाखा (प्रशाखा-02) द्वारा सुनिश्चित की जायेगी।

05. आमलोगों से मिलने का कार्यक्रम दिनांक-19.01.2026 (सोमवार) से लागू होगा।

ह0/-
(अरविन्द कुमार वर्मा)
विशेष सचिव

ज्ञापांक :- मं०मं०-02/वि०-01-2002/2026 .......89......... पटना-15, दिनांक ..15/01.....,2026

प्रतिलिपि :- अपर मुख्य सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव/सभी पदाधिकारी, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

02. श्री अजय कुमार, आई०टी०मैनेजर, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने एवं इस कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार करने हेतु प्रेषित।

15/01/26

(अरविन्द कुमार वर्मा)
विशेष सचिव